निदेशालय माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा, देहरादून

संख्याः सेवायें–1/ 150-52 /2(3)/2015–16 दिनांक 04 अप्रैल, 2016

– विज्ञप्ति–

शासनादेश संख्याः 866/XXIV-नवसृजित/15–29(01)/2015 दिनांक 30 दिसम्बर, 2015 के अनुसार प्रदेश के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक /प्रधानाध्यापिका के पदों पर प्रवक्ता संवर्ग/एल0टी0 संवर्ग के शिक्षक/शिक्षिकाओं को अपने ही वेतनमान में प्रभारी प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका के रूप में पदस्थापित किया जाना है। शिक्षक/ शिक्षिकाओं को अपने–अपने संवर्ग में नियमावली के प्राविधानों अनुसार ज्येष्ठता क्रमानुसार पदस्थापित किया जायेगा। प्रवक्ता/एल0टी0 संवर्ग के शिक्षक/शिक्षिकाओं की ज्येष्ठता सूची विद्यालयी शिक्षा विभाग की वैबसाईट www.schooleducation.uk.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है।

अतः विभाग की बैवसाईट पर प्रदर्शित उक्त सूची में अंकित शिक्षक/शिक्षिकायें अपनी जन्मतिथि, वर्तमान विद्यालय आदि का सत्यापन कर लें तथा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रभारी प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका के रूप में कार्य करने हेतु अपनी सहमति खण्ड शिक्षा अधिकारी से अग्रसारित कराने के उपरान्त दिनांक 25 अप्रैल, 2016 तक अपने जनपद के मुख्य शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत करेगें। सहमति का प्रारूप निम्नवत् है :–

वरिष्ठता क्रमांक	नाम	जन्मतिथि	वर्तमान कार्यरत विद्यालय का नाम, जनपद	क्या विगत पाँच वर्षों में कोई प्रतिकूल प्रविष्टि संसूचित करायी गयी है ?

जिन शिक्षक/शिक्षिकाओं के द्वारा प्रभारी प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका पद पर पदस्थापन हेतु निर्धारित प्रारूप पर स्हमति प्रदान की जायेगी, उन्हें ही काउसिलंग हेतु आमंत्रित किया जायेगा। शिक्षक/शिक्षिकाओं को रिक्त पदों की उपलब्धता को देखते हुए आवश्यकतानुसार वरिष्ठताक्रम में काउसिलिंग हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

(आर0के0 कुंवर)
निदेशक

पृ0सं0ःसेवायें–1/ 150-52 /2(3)/2015–16 तददिनांक।

प्रतिलिपि– निम्नांकित को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति आप दिनांक 05–04–2016 के अपने दैनिक समाचार पत्र (हिन्दी) के उत्तराखण्ड संस्करण में 72 वर्ग से0मी0 माप डी0ए0वी0पी0 दरों पर प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा भुगतान हेतु विल निदेशालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1–सम्पादक, हिन्दुस्तान, देहरादून।
2–सम्पादक, अमर उजाला, देहरादून।
3–सम्पादक, दैनिक जागरण, देहरादून।

(आर0के0 कुंवर)
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,उत्तराखण्ड।

650(3)